महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

गांधी जयंती पर हिंदी विश्वविद्यालय में आयेंगे राज्यपाल
दीपोत्सव का करेंगे उद्घाटन, संगोष्ठी में भी हिस्सा लेंगे भगत सिंह कोश्यारी

वर्धा, 30 सितंबर 2021: महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में गांधी जयंती पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा द्वारा आयोजित होने वाले दीपोत्सव का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री क़ादर नवाज़ ख़ान ने दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के गांधी हिल्स



पर 2 अक्टूबर 2021 की शाम 07.00 बजे श्री राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी दीप जलाकर आरोग्य दीपोत्सव का उद्घाटन करेंगे। दीपोत्सव के पहले श्री राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी विश्वविद्यालय के कस्तूरबा सभागार में 'गांधी का दर्शन: वैश्विक साम्प्रदायिकता का समाधान' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भी हिस्सा लेंगे। संगोष्ठी में कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक व गोंडवाना विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. श्रीनिवास वरखेड़ी और फिल्म अभिनेता श्री नितीश भारद्वाज भी हिस्सा लेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल करेंगे। कुलसचिव ने बताया कि श्री राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी विदर्भ क्षेत्र स्थित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, संस्थानों के निदेशकों और शिक्षाविदों के साथ भी बैठक करेंगे। बता दें कि गांधी जयंती पर दीपोत्सव की शुरुआत महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल की प्रेरणा से 2019 में हुई थी। वर्धा का नागरिक समाज भी अब दीपोत्सव के साथ जुड़ने लगा है। इस वर्ष का दीपोत्सव कोरोनाजनित अवसाद और संकट से निजात पाने और आरोग्य की कामना में आयोजित किया जा रहा है।